## एक नजर में

### 16 श्रृंगार कर किया पार्वती माता पूजन



**घट्टिया।** शुक्रवार को करवा चौथ पर्व पर महिलाओं ने दिनभर निराहार व्रत रखा व शाम को नए वस्त्र आभूषण धारण कर 16 श्रृंगार कर पार्वती माता (चौथ माता) व गणेशजी का पूजन अर्चन कर कथा सुनकर चंद्रमा के दर्शन कर छलनी में पति के चेहरे के दर्शन कर पति के हाथो से करवे का जल ग्रहण कर व्रत पूर्ण किया।

### कर्ज के चलते युवक ने खाया जहर, मौत

**महिदपुर।** आर्थिक तंगी और फसल खराब होने से परेशान एक किसान ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। ग्राम खजूरिया थाना महिदपुर निवासी दिनेश पिता जगदीश शर्मा 41 वर्ष ने शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे खेत पर बने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। बताया जा रहा है कि दिनेश के पास 6 बीघा जमीन थी, जिसमें उसने इस बार सोयाबीन की फसल बोई थी। परंतु पूरी मेहनत के बावजूद फसल मात्र 3 क्विंटल ही हुई। इस कारण दिनेश पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। फसल खराब होने के साथ उस पर कर्ज भी बढ़ गया था। दिनेश गांव में बने हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ करता था। घटना वाले दिन उसने गांव के सरपंच राकेश परमार को मोबाइल पर फोन कर कहा आखिरी राम राम, मेरे बच्चों का ध्यान रखना। यह सुनते ही सरपंच राकेश ने तत्काल दिनेश के बड़े भाई अशोक शर्मा को सूचना दी। जब अशोक मौके पर पहुंचे तो दिनेश उल्टियां कर रहा था। परिजन उसे तुरंत महिदपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे उज्जैन जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान रात में दिनेश ने दम तोड़ दिया।

### नि:शुल्क पुस्तक वितरण से छात्र-छात्राओं में उत्साह

**माकड़ोन।** मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग की योजनानुसार शासकीय महाविद्यालय माकड़ौन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तक वितरण किया गया। पुस्तकालय से प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं ग्रंथपाल शबनम हुसैन द्वारा विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। संचालन एवं मीडिया संयोजन की जिम्मेदारी डॉ. नरेन्द्र सिंह सरिया ने निभाई। नि:शुल्क पुस्तकों के वितरण से विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली।

### शरद पूर्णिमा पर गुरु टेकचंद जी महाराज का समाधि उत्सव मनाया

**माकड़ोन।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर माकड़ोन में श्री श्री 1008 श्री गुरु टेकचंद जी महाराज का 214वां समाधि उत्सव बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। जिसमें समाज के सभी महिला, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ निकला, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गुरुदेव की पालकी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूरे नगर में जय गुरुदेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। गुरुदेव टेकचंद जी महाराज के प्रति समाजजनों में गहरी आस्था और श्रद्धा दिखाई दी। समाजजनों ने एकता, भक्ति और सेवा भाव का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चल समारोह में प्रमुख रूप से किशनलाल मकोड़िया, राधेश्याम पवार, मूलचंद पवार, कन्हैयालाल चौहान, देवीलाल सिसौदिया, अशोक कुमार पवार, रमेशचंद पवार, रामचंद्रपरमार, घनश्याम परमार, बालमुकुंद चावड़ा, शिवनारायण मकवाना, शंकरलाल सोलंकी, सत्यनारायण चौहान, माखनलाल पवार, नंदकिशोर परमार, देवीलाल सोलंकी, हुकमचंद परमार, अनुज मकोड़िया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। जानकारी राकेश मकोड़िया ने दी।

### बीएसएनएल नेटवर्क की समस्या से आमजन परेशान

**माकड़ोन/रूपाखेड़ी।** क्षेत्र में भारत संचार निगम लिमिटेड के नेटवर्क न मिलने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। नेटवर्क की समस्या पिछले कई दिनों से बनी हुई है। जिससे बीएसएनएल उपभोक्ताओं को दैनिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। माकड़ोन तहसील के पटेल बंसीलाल गामी ने बताया कि वे लंबे समय से बीएसएनएल के ग्राहक हैं और उनका यही नंबर आधार कार्ड, बैंक खातों तथा अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ा हुआ है। नेटवर्क न होने के कारण अब महत्वपूर्ण कार्य रुक रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। इसी तरह किसान बाबूलाल बढ़िया ने भी कहा कि बीएसएनएल अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में विजिट करें और तत्काल नेटवर्क की सुविधा बहाल करवाएं। ग्रामीण जनता वर्षों से इस सेवा से जुड़ी है, लेकिन अब उन्हें उपेक्षा झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बीएसएनएल अधिकारियों से मांग की है कि वे शीघ्र कार्रवाई कर नेटवर्क समस्या का समाधान करें, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिल सके और सरकारी दूरसंचार कंपनी पर जनता का भरोसा कायम रहे।

### दिवंगतों को संवेदना व्यक्त की

**माकड़ोन।** पिछले दिनों ग्राम भोल्डिया में पानी में डूबने से हुए आकस्मिक दु:खद निधन की घटना से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए तराना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोल्डिया निवासी आशीष एवं धर्मेंद्र के परिवारों को मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार की ओर से 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर संकट की घड़ी में अपने नागरिकों के साथ खड़ी है। कार्यक्रम में नाहर सिंह पंवार, विशाल पांडेय, गोकुल मिस्त्री, कैलाश चंद्र कारपेंटर, करण गुर्जर, अरुण गामी, दिलीप गामी, श्याम कारपेंटर, गुलाब धाकड़, दशरथ सिंह, बने सिंह, मंडल महामंत्री नितेश पाटीदार, आत्माराम राठौर, पार्षद अर्जुन धाकड़, यश सिसौदिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### हरिराय नाथद्वारा के हाथों आज होगा वस्त्र, मिठाई

**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला एवं युवा मंडल के तत्वावधान में दीपावली महापर्व के पावन अवसर पर वैष्णवाचार्य द्वितीयपीठ युवराज गोस्वामी हरिराय नाथद्वारा इन्दौर के सानिध्य में निर्धन बस्ती में बच्चों को वस्त्र, मिठाई एवं पटाखें का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि श्री वल्लभ वैष्णव मंडल संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में आज 12 अक्टूम्बर रविवार को दोपहर 4 बजे दिव्यांग कार्यालय समर्थ सेवा संस्था, चरक भवन के सामने, आगर रोड़ पर वस्त्र, मिठाई, पटाखें का वितरण किया जाएगा। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल अध्यक्ष आनंद पुरोहित, कोषाध्यक्ष मनीष नागर, सचिव जयेश श्रॉफ, श्री वल्लभ वैष्णव युवा मंडल अध्यक्ष अमित नागर, कोषाध्यक्ष नीतिन नीमा, सचिव अमर दिसावल, श्री वल्लभ वैष्णव महिला मंडल अध्यक्ष नुपूर नीमा, कोषाध्यक्ष कामिनी शाह, सचिव मनीषा नागर, समन्वयक राजेन्द्र शाह, विशाल नीमा, हेतल शाह, कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र नीमा, दिपेश शाह, रेखा नीमा, पूनम शाह, अजय नागर, अम्बरीश जवेरी ने मंडल के सभी सदस्यों से पधारकर सेवा का अवसर प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना से ही सामाजिक दायित्व का बोध होता है : डॉ. मेदमवार

**उज्जैन। राष्ट्रीय सेवा योजना हमें ग्रामीण क्षेत्र से लेकर अनेक जमीनी वास्तविकताओं से परिचित कराती है। यह एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी समाज की नब्ज़ को समझते हुए सामाजिक दायित्व का निर्वहन करना सीखते हैं।**

उक्त विचार राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. शेखर मेदमवार ने भारतीय ज्ञानपीठ में भारतीय महाविद्यालय एवं भारतीय स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित अभिमुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। डॉ. शेखर मेदमवार ने बताया कि रा से यो के माध्यम से विद्यार्थियों में जीवन-मूल्यों, अनुशासन और सेवा भाव का विकास होता है। उन्होंने प्री-आरडी एवं राष्ट्रीय एकता शिविर के अवसरों की जानकारी भी स्वयंसेवकों को दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में हस्स जिला संगठक डॉ. प्रदीप लाखरे ने रा से यो लक्ष्य गीत की व्याख्या करते हुए समाज सेवा के महत्व पर




प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य स्तरीय शिविरों की जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों को स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संस्था की निदेशिका अमृता कुलश्रेष्ठ, भारतीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीलम महाडिक एवं भारतीय स्कूल की प्राचार्या रचना श्रीवास्तव ने स्वयंसेविकाओं को आशीर्वचन प्रदान किए और उन्हें समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। स्वागत उद्बोधन भारतीय महाविद्यालय की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेहाना शेख ने दिया।

भारतीय महाविद्यालय के निदेशक डॉ. गिरीश पंड्या ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. रेनू लाखरे, डॉ. मेधा तिवारी, डॉ. माया पिंडोलिया, प्रो. रश्मि तटवाल एवं आफताब कुरैशी भी उपस्थित रहे। संचालन प्रो. यशस्वी जोशी ने किया। आभार उज्ज्वला साखरे ने व्यक्त किया।

# सुहागिनों ने पति की दीर्घायु की कामना के साथ रखा निर्जला व्रत

▸ करवाएं और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर रही भीड़

**माकड़ोन/रूपाखेड़ी। शुक्रवार को करवा चौथ के पावन अवसर पर माकड़ोन, रूपाखेड़ी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहार की रौनक देखने लायक रही। सुबह से ही महिलाओं में व्रत की तैयारी का उत्साह दिखाई दिया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा। नगर के मंदिरों में माता चौथ की पूजा अर्चना के साथ पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा।**

पूजन सामग्री विक्रेता पूनमचंद बाघेला ने बताया कि शुक्रवार को करवा चौथ की पूजा सामग्री की बिक्री में भारी बढ़ोतरी हुई। रंग-बिरंगी करवाएं, सिन्दूर, दीपक, श्रृंगार सामग्री और मिठाई की दुकानों पर महिलाओं की खासी भीड़ रही। शाम होते-होते बाजार दीपों की रोशनी और सजावट से जगमगा उठे। पंडितों के अनुसार करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं माता चौथ की आराधना कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर व्रत खोलती हैं। श्रद्धा और आस्था से भरे इस पर्व में महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और खुशहाल जीवन की मंगलकामना की।

करवा चौथ के साथ ही अब त्योहारों का शुभ सिलसिला भी शुरू हो गया है। 15 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र, 18 अक्टूबर को धनतेरस, 20 अक्टूबर को दीपावली, 22 को गोवर्धन पूजा, 23 को भाई दूज, 27 को छठ पूजा और 2 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह के साथ चातुर्मास का समापन होगा और मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में प्रतिज्ञा ली

**उन्हेल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उज्जैन के निर्देशन में एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिवराज कौशल के नेतृत्व में संपूर्ण ब्लॉक में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।**

उपरोक्त जानकारी देते हुए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिवराज कौशल ने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत में तंबाकू का उपयोग अनेकों बीमारियों और उनसे होने वाली मौतों का एक प्रमुख कारण है। परिणाम स्वरुप प्रतिवर्ष 13.5 लाख मोतें तंबाकू के सेवन से हो रही है। इसी दृष्टि से प्रदेश में ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे के अनुसार भारत में 13 से 15 वर्ष आयु के 8.5 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 3.9 प्रतिशत विद्यार्थी तंबाकू का उपयोग करते हैं। जो कैंसर, हृदय रोग संबंधी बीमारियां, मधुमेह,




फेफड़ों की बीमारियां, स्ट्रोक, बांझपन, टीबी और मुख्य संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का एक प्रमुख कारण है।

विगत दो वर्षों से टोबेको फ्री यूथ केम्पियन का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी इस कैम्पियन का आयोजन 60 दिवस के लिए किया जा रहा है। जिसका आरंभ 9 अक्टूबर से किया गया है। जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता क्षमता निर्माण एवं नशा मुक्ति सेवाओं का आयोजन कर जन जागरण हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्वास्थ्य संस्थानों में महिला बाल विकास विभाग शिक्षा, विभाग पंचायत विभाग, गृह विभाग के द्वारा किए जाएंगे। जिसमें नुक्कड़ नाटक, रैलियां, कठपुतली शो, प्रदर्शनियां आदि के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। इसी कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्हेल में डॉ. रेणुका मीणा, डॉ. मयूर उत्तमानी, बीईई बीएल सोनी की उपस्थिति में समस्त स्टाफ एवं उपस्थित नागरिकों को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए नशा मुक्ति के लिए प्रतिज्ञा दिलाई गई।

# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**माकड़ोन।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष पीसी गुप्ता साहब के निर्देशन तथा सचिव मनोज भाटी के कुशल नेतृत्व में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत महर्षि विश्वामित्र हायर सेकेंडरी स्कूल रूपाखेड़ी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि न्यायाधीश आयुष अरोरा तराना रहे। कार्यक्रम में जिला विधिक प्राधिकरण सदस्य उमेश बारेठा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अरोरा ने उपस्थित विद्यार्थियों, महिलाओं एवं जनसमूह को विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से परिचित कराते हुए यातायात नियमों, वाहन लाइसेंस, बीमा की महत्ता, साइबर सुरक्षा, रिपोर्ट एवं एफआईआर की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने गुड टच-बैड टच, लोक अदालत, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम, चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन 1098, तथा महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र रावल एवं संचालक ब्रजकिशोर रावल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भानुप्रताप ने किया। बच्चों ने विधिक शिविर में बड़ी उत्सुकता से भाग लिया तथा न्यायाधीश महोदय से अपने प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर उन्होंने सहजता से दिए और सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जीवन शर्मा, संदीप यादव, सुरेश यादव, मोहित, मनोज, विवेक, विकास जोशी, महेंद्र जोशी, पंकज, शक्ति सिंह, दिनेश शर्मा, प्रीति, रिजवान, अनुष्का, ज्योति मेम सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**माकड़ोन। शासकीय महाविद्यालय माकड़ौन में आज प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक विकास के लिए ध्यान और एकाग्रता का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है। जब व्यक्ति एकाग्र मन से कार्य करता है, तो वह निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करता है।

विशेष अतिथि रसायन विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. रूबी पांडेय ने मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ. सिसौदिया ने प्रोजेक्टर के माध्यम से स्लाइड प्रस्तुति देकर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को अत्यंत सरल और रोचक तरीके से समझाई। संचालन निशा पाटीदार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कुसुम श्रीवास्तव मैडम द्वारा किया गया। जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. नरेंद्र सरिया ने दी।

# शिक्षिका को परेशान करने वाले युवक को जेल भेजा

**नागदा। एक शिक्षिका को मोबाईल पर मैसेज कर परेशान करने वाले एक मारुति वेन चालक को बिरलाग्राम पुलिस ने कानून का पाठ पढ़ा दिया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर उस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया।**

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि निजी स्कूल में पढाने वाली एक शिक्षिकों ने आवेदन दिया था कि एक युवक उसके मोबाइल पर मैसेज कर परेशान कर रहा है। पुलिस ने जांच शुरू की तो आरोपी की शिनाख्त अमन पिता सलीम खान उम्र 26 वर्ष निवासी ई-ब्लॉक टापरी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि युवक शिक्षिका का पीछा भी करता था और उसे अपने वाहन में बैठाने के लिए जबरजस्ती मैसेज करता था। उससे परेशान होकर शिक्षिका ने पुलिस में फरियादी की थी।

**एक नजर** ▸ औदिच्य ब्राह्मण धर्मशाला में करवा चौथ पर सामूहिक उद्यापन सम्पन्न, गोविंद माधव जयंती धूमधाम से मनाएंगे

# 10 जोड़ों ने किया वैदिक विधि से करवा चौथ उद्यापन, सैकड़ों समाजजनों ने लिया धर्मलाभ

**नागदा।** श्री सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में कर्क चतुर्थी (करवा चौथ) के पावन अवसर पर शुक्रवार को औदिच्य महिला मंडल की अगवानी में धार्मिक उत्साह और परंपरागत श्रद्धा के साथ विशेष सामूहिक करवा चौथ उद्यापन सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया कि पंडित दीपक पण्ड्या के आचार्यत्व में आयोजित इस सामूहिक अनुष्ठान में समाज के 10 जोड़ों ने विधि-विधान से करवा चौथ उद्यापन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर समाज की सैकड़ों महिलाओं एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।






महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना दवे ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7 बजे हुआ, जिसमें वैदिक रीति से चौथ माता की पूजा-अर्चना एवं कथा वाचन संपन्न किया गया। उद्यापन करने वाले सौभाग्यवती दंपत्ति—निर्मला रावल, रमेशचंद्र रावल, रेखा शर्मा नरेंद्र शर्मा, राशि उपाध्याय पंकज उपाध्याय, सीमा व्यास राघवेंद्र व्यास, जयश्री शर्मा हेमंत शर्मा, हीना रावल विशाल रावल, पलक रावल डॉ. विनोद रावल, वंदना रावल, अनु रावल जगदीश रावल, सरोज पंड्याजगदीश पंड्या आयोजन के यजमान रहे।

चौथ माता की आरती के बाद रात्रि 8.30 बजे चंद्रोदय दर्शन कर अखंड सौभाग्य की कामना के साथ चंद्र देव को अर्घ देकर व्रत पूर्ण किया। उपस्थित सभी सौभाग्यवती महिलाओं ने अपने पति परमेश्वर के हाथों से जल ग्रहण कर उपवास किया।

कार्यक्रम का समापन सहभोज एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर गोविंद माधव ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रावल, पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र त्रिवेदी, ईश्वर लाल शर्मा, सुभाषजी व्यास, देवेंद्रजी दवे, चंद्रशेखर त्रिवेदी, रामचंद्र शर्मा, राजकुमार जोशी, घनश्याम दवे, चंद्रमोहन शर्मा, डॉ. कैलाश जोशी, सुमित दवे, युवा अध्यक्ष पंडित अजय पण्ड्या, निलेश मेहता, दीपक पण्ड्या, देवेश मेहता महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना दवे, वर्षा मेहता, सुमित्रा पंड्या, चंद्रकांता रावल, ललिता शर्मा सहित बड़ी संख्या ने गणमान्य समाजजन उपस्थित रहे। संचालन औदिच्य महिला मंडल द्वारा किया गया तथा आयोजन की व्यवस्था में युवा एवं समाजजन का विशेष योगदान रहा। सफल धार्मिक आयोजन संपन्न करने पर समाज जनों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई प्रेषित की। कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी के अवसर पर गोविंद माधव जयंती पर तीन दिवसीय विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।